राजस्थान खदान दुर्घटना

चर्चा में क्यों?

हाल ही में राजस्थान में एक खदान में फँसे [हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड](https://www.drishtiias.com/hindi) के सभी 15 अधिकारियों को 15 मई, 2024 को बचा लिया गया।

मुख्य बिंदु

- कोलिहान खदान में अधिकारियों को खदान शाफ्ट से नीचे ले जाने वाली लिफ्ट की रस्सी टूट गई, जिससे यह घटना घटी।
- बचाव प्रयास पूरी रात जारी रहा और सभी **14 बचे लोगों** को उपचार के लिये जयपुर के एक अस्पताल में ले जाया गया।
- **कोलिहान खदान** राजस्थान में **हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड** के स्वामित्व वाली यंत्रीकृत भूमिगत **तांबे की खदानें** हैं।
- खनन किये गए अयस्क का प्रसंस्करण **खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स के कंसेंट्रेटर प्लांट** में किया जाता है।
- कोलिहान खदान **नीम का थाना ज़िले** में स्थित है और **खेतड़ी कॉपर बेल्ट के उत्तरी सिरे** का हिस्सा है, जिसका क्षेत्रफल 162.23 हेक्टेयर है।

खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स

- खेतड़ी **अरावली रेंज की तराई** में स्थित है, जो **ताम्र अयस्क** का भंडार है और उत्तर में सिंघाना से लेकर दक्षिण में रघुनाथगढ़ तक इसे 80 किमी. लंबा मेटलोजेनेटिक प्रांत/क्षेत्र बनाता है, जिसे **खेतड़ी कॉपर बेल्ट** के नाम से जाना जाता है।
- इस बेल्ट/पेटी में सघन **वलित प्रोटेरोज़ोइक अवसादी चट्टान** हैं जिनका आधार नीस चट्टानें हैं और उत्तरी दिल्ली वलित पेटी/फोल्ड बेल्ट का एक हिस्सा है।
- बेल्ट के प्रमुख खनिज भंडार हैं: **खेतड़ी, कोलिहान, बनवास, चाँदमारी, धानी बसरी, बेनीवालों की ढाणी** (नीम का थाना, राजस्थान)।
- अन्य भंडार हैं: **ढोलमाला, अकवाली, मुरादपुरा-पचेरी (झुंझुनू, राजस्थान) और देवतालाई (भीलवाड़ा, राजस्थान)।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-mine-collapse